मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
26–अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल

क्रं0 / बो.का. / बैं. / सी.भ. / कनि.अंके. / लेखा.–3 / 158पार्ट-1/29 भोपाल, दिनांक 10/06/2018

–:: आदेश ::–

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल द्वारा समूह 02 उपसमूह–02 अंतर्गत उप अंकेक्षक, लेखा सहायक, कनिष्ठ लेखा अधिकारी एवं अन्य समकक्ष पदों हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा 2018 के परीक्षा संचालन एवं भर्ती नियम पुस्तिका की टिप्पणी क्रमांक–12 के अनुपालन में मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप एफ–6–1 / 2002 / आ.प्र. / एक भोपाल दिनांक 06 जून 2018 के निर्देश के पालन में सहारिया / सहरिया, भारिया एवं बैगा आदिम जनजातियों के अभ्यर्थियों से सीधे प्राप्त आवेदनों के शैक्षणिक अर्हता में प्राप्तांको के प्रतिशत की मेरिट सूची के आधार पर **सुश्री पूजा कुमारी** का कनिष्ठ अंकेक्षक संवर्ग में चयन किया गया। चयन उपरान्त अभिलेख सत्यापन हेतु कार्यालय में आयोजित काउंसलिंग दिनांक 18.09.2018 को अभिलेखों के सत्यापन के दौरान आपके द्वारा पूर्व के जाति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत नही किया गया।

आपके द्वारा काउंसलिंग में जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत नही करने से काउंसलिंग दल प्रमुख द्वारा कार्यालयीन पत्र क्रमांक–274 दिनांक 12.09.2018 जारी किया गया, परन्तु आपके द्वारा निर्धारित अवधि में प्रमाण–पत्र के संबंध में कोई जानकारी प्रस्तुत नही की गयी। आपको पुनः पत्र क्रमांक–299 दिनांक 06.12.2018 द्वारा द्वितीय व अन्तिम अवसर प्रदान करते हुये उक्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने हेतु लिखा गया। परन्तु आपके द्वारा प्रमाण पत्र प्रेषित नही किया गया और न ही इस संबंध में समयावधि में आपके द्वारा कोई लिखित सूचना दी गयी, जिससे स्पष्ट होता है कि आप चयनित पद पर सेवा करने के इच्छुक नहीं है।

आपको कार्यालय द्वारा पर्याप्त अवसर प्रदान किये जाने के पश्चात् भी आपके द्वारा पूर्व का जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत नही किया गया हैं। उपरोक्त वस्तुस्थिति को दृष्टिगत रखते हुये आपका म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड में कनिष्ठ अंकेक्षक के पद पर किया गया चयन एतद द्वारा निरस्त किया जाता है।

(फैज अहमद किदवई)
प्रबंध संचालक
म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रं0 / बो.का. / बैं. / सी.भ. / कनि.अंके. / लेखा.–3 / 158पार्ट-1/30 भोपाल, दिनांक 10/06/2018

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ और आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. निज सहायक, प्रबंध संचालक, मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल।
02 नियंत्रक प्रोफेशल एग्जामिनेशन बोर्ड भोपाल।
03. सुश्री पूजा कुमारी, श्री कमलेश कुमार, 9/7 ए बैरिक क्वॉटर, ठाठीपुर, ग्वालियर पिन कोड–474011

प्रबंध संचालक
म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल